प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

डा. वाई.एल. नेने के 86वें जन्म दिवस पर डा. वाई. एल. नेने मैमोरियल लैक्चर का आयोजन

पंतनगर 24 नवम्बर 2022। एशियन एग्री–हिस्टी फाउण्डेशन (ए.ए.एच.एफ.) द्वारा विश्वविद्यालय में स्व. डा. वाई.एल. नेने, संस्थापक अध्यक्ष, ए.ए.एच.एफ., के 86वें जन्म दिवस के अवसर पर स्मृति समारोह का आयोजन पादप रोग विभाग के डा. आर. एस. सिंह सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलन एवं स्व. डा. वाई.एल. नेने को श्रद्धा सुमन अर्पित करने के साथ हुआ। डा. सुनीता टी पाण्डेय, प्राध्यापक सस्य विज्ञान एवं कार्यकारी सचिव, ए.ए.एच.एफ. ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए समारोह के उद्देश्यों की जानकारी दी। डा. एस.पी.एस. बेनीवाल वर्तमान अध्यक्ष, ए.ए.एच.एफ. ने स्व. डा. वाई.एल. नेने एवं कार्यक्रम के बारे में अपना व्यतव्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डा. गजानन डान्गे, अध्यक्ष, योजक, पुणे, महाराष्ट्र द्वारा भारतीय कृषि कल–आज और कल विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। डा. डान्गे ने कृषि के भारतीय चिन्तन पर कई आयामों पर प्रस्तुति की तथा विशेष विकेन्द्रीकरण के अभ्याय किये जाने पर बल दिया। समारोह में विश्वविद्यालय की कार्यवाहक कुलपति डा. अल्का गोयल, अधिष्ठात्री, कम्युनिटी साइंस महाविद्यालय, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय के प्रतिनिधि एवं विभागाध्यक्ष आनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन विभाग, प्रो. सलिल तिवारी, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्यों के साथ–साथ विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों तथा ए.ए.एच.एफ. के स्टॉफ सदस्यों ने भाग किया। ए.ए.एच.एफ.के पी.आर.ओ. श्री के.सी. तिवारी ने डा. नेने के साथ के अपने अनुभव साझा किये। डा. बेनीवाल द्वारा मुख्य वक्ता डा. डान्गे को शाल पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अन्त में डा. विनिता राठौर द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

स्व. डा. वाई.एल. नेने को श्रद्धा सुमन अर्पित करते अतिथिगण।